भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अंतारांकित प्रश्न सं. 569**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**एनएच 66 पर पीसी रोड चालिलमोट्टा पर अंडरपास की ऊंचाई**

569. श्री के. सुधाकरन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कन्नूर में एनएच 66 पर पीसी रोड चालिलमोट्टा (सीएच 150+100) पर आवंटित अंडरपास के बारे में जानकारी है, जिसे 2.90 मीटर की ऊंचाई के साथ मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अंडरपास की वर्तमान ऊंचाई आपातकालीन वाहनों जैसे कि दमकल गाड़ियों के गुजरने के लिए अपर्याप्त है, जिससे उक्त क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा हो सकता है और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रभावकारिता पर प्रभावित हो सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने जनता के आक्रोश पर ध्यान दिया है और आपातकालीन वाहनों के सुरक्षित और सक्षम मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए अंडरपास की ऊंचाई की समीक्षा करने और उक्त अंडरपास की ऊंचाई को 3.70 मीटर करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उक्त महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी चिंता को दूर करने में विलंब के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) जी, हां। राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) को पार करने हेतु पैदल यात्रियों के लिए स्कोप में परिवर्तन के तहत किमी 151.1 पर एक बॉक्स संरचना उपलब्ध कराई गई है। इस स्थान पर रारा का संरेखण सुपर एलिवेशन पर है और तटबंध की ऊंचाई केवल 2.9 मीटर की ऊर्ध्वाधर निकासी प्रदान करने में सक्षम है।

किमी 149.68 से किमी 149.69 तक एक वायडक्ट (प्रत्येक 40 मीटर के 13 स्पैन) उपलब्ध कराया गया है जो आपातकालीन वाहन सहित वाहनों को गुजरने के लिए प्रयोग किया जाता है।

*****